उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्या 1010 पारे0अनु0–04 / पाट्राकालि–2020–18 / 14 / टी0सी0 दिनांक 10 दिसम्बर, 2020

मुख्य अभियन्ता (पारे0 क्षेत्र दक्षिण–पूर्व) / (पारे0 क्षेत्र उत्तर–पूर्व) /
(पारे0 क्षेत्र दक्षिण–मध्य) / (पारे0 क्षेत्र दक्षिण–पश्चिम) /
(पारे0प0) / (पारे0म0) / (संचार एवं नियंत्रण) /
(ऊर्जा प्रणाली परिचालन) / (सी0एम0यू0टी0) /
(765 एवं 400 के0वी0 परिकल्पना इकाई) / (नियोजन) /
(जानपद पारेषण–प्रथम / द्वितीय) /
उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0,
प्रयागराज / गोरखपुर / झाँसी / आगरा / मेरठ / लखनऊ।

विषयः कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप सं0–110–पारे0अनु0–16 / पाट्राकालि–2020–18–पारे0अनु0–16 / 14 दिनांकः 30.01.2020 द्वारा टी0जी0–2 (तकनीशियन) को सातवें वेतन आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.01.2016 से प्रभावी पुनरीक्षित वेतन संरचना में 01 अग्रिम वेतन वृद्धि अनुमन्य कराये जाने के व्यावहारिक क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया, उपरोक्त विषयक उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–110–पारे0अनु0–16 / पाट्राकालि–2020–18–पारे0अनु0–16 / 14, दिनांक 30.01.2020 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा सातवें वेतन आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.01.2016 से प्रभावी पुनरीक्षित वेतन संरचना में टी0जी0–।। (तकनीशियन) को वेतन मैट्रिक्स लेवल–04 के अन्तर्गत देय प्रारम्भिक न्यूनतम वेतन रू0 27,200/– पर 01 अग्रिम वेतन वृद्धि अनुमन्य किये जाने की स्वीकृति कतिपय प्रतिबन्धाधीन प्रदान की गई है।

इस सम्बन्ध में विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा यह संज्ञानित कराये जाने कि कुछ प्रकरणों में उपरोक्त निर्गत आदेश का समुचित क्रियान्वयन करने में क्षेत्रीय इकाईयों को कठिनाई आ रही है, जिसके फलस्वरूप कतिपय टी0जी0–।। (तकनीशियन) पदधारकों को उक्त आदेश के अन्तर्गत यथा अनुमन्य वेतन निर्धारण / पुनरीक्षण का लाभ नहीं प्राप्त हो रहा है, के दृष्टिगत उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा निर्गत किये गये स्पष्टीकरण कार्यालय ज्ञाप संख्या–580–काविनी एवं वे0प्र0–29 / पाकालि / 2020–1(3)–काविनी / 17(टी0सी0–2), दिनांक 10.07.2020 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या–590–काविनी एवं वे0प्र0–29 / पाकालि / 2020–1(3)–काविनी / 17 (टी0सी0–2), दिनांक 13.07.2020 की अनुरूपता में कार्यवाही सम्पादित किये जाने हेतु उक्त कारपोरेशन आदेशों की व्यवस्थाओं को अंगीकृत करते हुए, मुझे यह कहने का निदेश है कि सम्बन्धित मामलों में निम्नानुसार कार्यवाही किये जाने का कष्ट करें :–

(I) ऐसे टी0जी0–।। (तकनीशियन), जो दिनांक 01.01.2016 से पूर्व नियुक्त एवं कार्यरत हैं यथा–उदाहरण स्वरूप दिनांक 16.08.2015 को नियुक्त टी0जी0–।।(तकनीशियन) का अपुनरीक्षित वेतन रू0 8,000+2600=10,600/– के सापेक्ष, दिनाँक 01.01.2016 को उनका सामान्य वेतन पुनरीक्षण / वेतन निर्धारण 2.57 गुणांक के आधार पर वेतन मैट्रिक्स लेवल–04 के प्रारम्भिक वेतन स्तर रू0 28,000/– पर स्वतः होगा एवं अवशेषों का भुगतान भी देय होगा।

क्रमशः–2

(II) ऐसे टी0जी0-II (तकनीशियन), जिनकी नियुक्ति दिनांक 01.01.2016 एवं अग्रेतर तिथि में हुई है, के सम्बन्ध में वेतन निर्धारण निम्नवत् किया जायेगा :-

सम्बन्धित टी0जी0-II (तकनीशियन) उदाहरणार्थ जिसकी नियुक्ति दिनांक 16.03.2018 को हुई है, को दिनांक 01.01.2016 से लागू सातवें वेतन आयोग के अन्तर्गत पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में ट्रान्समिशन कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3268-पारे0अनु0-16/पाट्राकालि/2017 दिनांक 01.09.2017 सपठित कार्यालय ज्ञाप संख्या-110-पारे0अनु0-16/पाट्राकालि-2020-18-पारे0अनु0-16/14, दिनांक 30.01.2020 की व्यवस्था के अनुरूप निम्नलिखित तालिका के अनुसार वेतन निर्धारण तथा अवशेष का भुगतान किया जायेगा :-

दिनांक	01.01.2016 से पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में निर्धारित वेतन	
	वास्तविक वेतन निर्धारण-	प्रकल्पित वेतन निर्धारण - (अवशेष देय नहीं)
16.03.2018	27200	28000
01.01.2019	28000	28800
01.01.2019 से 28.01.2019	28000	28800
29.01.2019	28800	-
01.01.2020	29700	-

भवदीय,

(अनिल पाठक)
उप सचिव (पारेषण-तृतीय)

संख्या :1010(I)-पारे0अनु0-04/पाट्राकालि/2020 तददिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
3. निदेशक (का0प्रब0 एवं प्रशा0)/निदेशक (ऑपरेशन)/निदेशक (कार्य एवं परियोजना)/निदेशक (वाणिज्य एवं नियोजन)/निदेशक (एस0एल0डी0सी0)/निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
4. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर-I/II)/अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।
5. समस्त मुख्य महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।
6. संयुक्त सचिव (पारेषण प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. उप सचिव (पारेषण-प्रथम/द्वितीय/तृतीय), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. सचिव, पावर सेक्टर इम्प्लाइज ट्रस्ट, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9. कम्पनी सचिव, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
10. अधिशासी अभियन्ता (सं0) निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को ट्रान्समिशन की वेब-साइट www.upptcl.org पर अपलोड करने हेतु।

(अनिल पाठक)
उप सचिव (पारेषण-तृतीय)